# रंगराजन सिफारिशों को मिलों का समर्थन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** निजी और सहकारी चीनी मिलों के संगठनों ने चीनी उद्योग को नियंत्रण मुक्त करने के मुद्दे पर आई सी. रंगराजन समिति की सिफारिशों का समर्थन करते हुए लेवी चीनी की बाध्यता और खुले बाजार की चीनी कोटा व्यवस्था (रिलीज मैकेनिज्म) को तुरंत खत्म करने की मांग की है। गन्ना मूल्य और क्षेत्र आरक्षण जैसे विवादित मुद्दों पर चीनी मिलें किसानों व राज्य सरकारों के साथ बातचीत के जरिए हल निकालने के पक्ष में हैं, जबकि गैर विवादित मुद्दों को तुरंत लागू करने की मांग कर रही हैं।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) और नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज ने बृहस्पतिवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता कर रंगराजन समिति की सिफारिशों का समर्थन किया है।